देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंकः 170 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार-प्रवाह...विधेयक से पाइरेसी रुकेगी



# पेज थ्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 7 अक्टूबर 2021



मौसम अधिकतम 27.0° न्यूनतम 24.0° | 40243.39

2 अमेरिकी शक्ति प्रदर्शन से बौखलाया चीन | 7 ईशान की क्षमता पर भरोसा नहीं खोया

# 22 लाख परिवारों के लिए प्रॉपर्टी कार्ड तैयार

## प्रधानमंत्री ने सीहोर, हरदा और डिंडौरी जिले के हितग्राहियों से किया वर्चुअल संवाद

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश के 19 जिलों के 3000 गांवों में एक लाख 71 हजार हितग्राहियों को आनलाइन अधिकार अभिलेख का वितरण किया। प्रधानमंत्री ने सीहोर, हरदा और डिंडौरी जिले के हितग्राहियों से वर्चुअल संवाद भी किया। उन्होंने कहा, शुरुआती चरणों में स्वामित्व योजना को मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, हरियाणा, पंजाब, कर्नाटक और राजस्थान के कुछ गांवों में लागू किया गया था। इन राज्यों में गांवों में रहने वाले करीब 22 लाख परिवारों के लिए प्रॉपर्टी कार्ड तैयार हो चुका है।

**आधुनिक टेक्नालाजी से देश के गांवों में विकास का नया मंत्र है स्वामित्व योजनाः** प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वामित्व योजना सिर्फ कानूनी दस्तावेज देने की योजनाभर नहीं है, बल्कि ये आधुनिक टेक्नालाजी से देश के गांवों में विकास और विश्वास का नया मंत्र भी है।

**गरीब के पास खुद चलकर आ रही सरकार और कर रही सशक्त**

पीएम ने कहा, वो जमाना देश पीछे छोड़ आया है जब गरीब को एक-एक पैसे, एक-एक चीज के लिए सरकार के पास चक्कर लगाने पड़ते थे। अब गरीब के पास सरकार खुद चलकर आ रही है और गरीब को सशक्त कर रही है।

मध्य प्रदेश में 17 सितंबर से सात अक्टूबर तक चलाए जा रहे जनकल्याण और सुराज अभियान के तहत स्वामित्व योजना के इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान हरदा जिले से शामिल होंगे। अन्य जिलों से हितग्राही और जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। मालूम हो, स्वामित्व योजना को जिन नौ राज्यों में पायलट आधार पर लागू किया गया है, उनमें मध्य प्रदेश भी शामिल है।

डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की तरफ से स्वामित्व योजना की शुरुआत की गई है। एक ई-ग्राम स्वराज पोर्टल शुरू किया गया है जहां पर ग्राम समाज से जुड़ी सभी समस्याओं की जानकारी उपलब्ध है। इस पोर्टल के जरिए किसानों को अपनी भूमि के बारे में सारी जानकारियां इकट्ठा करने में मदद मिलेगी। इस योजना के तहत आपको अपनी संपत्ति का सारा रिकार्ड आनलाइन प्राप्त करने में आसानी होगी और रजिस्ट्रेशन एवं सरकारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद एक क्लिक में अपनी संपत्ति का पेपर डाउनलोड कर सकेंगे।

वहीं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और अनुराग ठाकुर द्वारा बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में लिए गए फैसलों को लेकर जानकारी दी गई। कैबिनेट ने मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने के लिए 4,445 करोड़ रुपये की PM MITRA योजना को मंजूरी दी है।

### बड़ी संख्या में ड्रोन के निर्माण के लिए पीएलआइ स्कीम की घोषणा



पीएम मोदी ने कहा, ड्रोन टेक्नोलाजी से किसानों को, मरीजों को, दूर-दराज के क्षेत्रों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसके लिए हाल ही में अनेक नीतिगत निर्णय लिए गए हैं। ड्रोन बड़ी संख्या में भारत में ही बने, इसमें भी भारत आत्मनिर्भर हो, इसके लिए PLI स्कीम भी घोषित की गई है।

### पीएम मोदी ने महालया पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को महालया के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं और आने वाले समय में सभी के स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की। महालया को दुर्गा पूजा की शुरुआत और पितृपक्ष का समापन माना जाता है। प्रधानमंत्री ने एक ट्वीट में कहा, "शुभ महालया! हम मां दुर्गा के सामने शीश झुकाते हैं और पूरी पृथ्वी के कुशलक्षेम और अपने नागरिकों के कल्याण के लिए उनसे आशीर्वाद मांगते हैं। आने वाले समय में सभी के खुशहाल और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं।" महालया अमावस्या के अगले दिन यानी प्रतिपदा पर शारदीय नवरात्रि की शुरुआत होती है। शारदीय नवरात्रि की दुर्गा पूजा में महालया का विशेष स्थान होता है।

## संक्षिप्त समाचार

### देश में घटी नए मामलों की संख्या

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। पिछले 24 घंटे में 24,770 कोरोना मरीज ठीक होने के बाद भारत में सक्रिय मामलों की संख्या घटकर 2,46,687 हो गई है, जो 203 दिनों में सबसे कम है। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पिछले 24 घंटों में कोरोना संक्रमण के 18,833 नए मामले सामने आए हैं। 24,770 नई रिकवरी के साथ अब तक कुल 3,31,75,656 लोग कोरोना से ठीक हुए हैं।

### 11 हाई कोर्ट के 15 जजों का हुआ तबादला

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। उच्च न्यायपालिका में व्यापक फेरबदल करते हुए सरकार ने 11 हाई कोर्ट के 15 जजों का तबादला किया है। विधि मंत्रालय ने ट्विटर पर स्थानांतरण और पोस्टिंग की सूची जारी की है। एक पखवाड़े पहले सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने इन तबादलों की सिफारिश की थी।

# हरित पटाखों की आड़ में हो रहा खेल

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, पटाखों पर बैन का पालन करें राज्य सरकारें

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। दीपावली के त्योहार पर रोशनी के साथ पटाखों की आवाज पूरी रात सुनाई देती है। कहीं एक दो दिन तो कुछ इलाकों में हफ्तेभर पटाखे फोड़े जाते हैं लेकिन जब शहरों में प्रदूषण बढ़ा तो इस पर पाबंदियां लगाने का फैसला लिया जाने लगा। हरित पटाखों के लिए छूट दी गई तो अब इसमें भी खेल किया जाने लगा है। जी हां, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को साफ कहा कि हरित पटाखों की आड़ में पटाखा निर्माता प्रतिबंधित पदार्थों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने दोहराया कि पटाखों पर प्रतिबंध लगाने के उसके पहले के आदेश का पालन हर राज्य को करना चाहिए। न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत उत्सव मनाने के खिलाफ नहीं है लेकिन दूसरे नागरिकों के जीवन की कीमत पर नहीं।

पीठ ने कहा कि जश्न का मतलब तेज पटाखों का इस्तेमाल नहीं है, यह फुलझड़ीझ के साथ भी हो सकता है और शोर न मचाने वाले पटाखों के साथ भी। सुको ने कहा, हमारे पिछले आदेश का हर राज्य द्वारा पालन किया जाना चाहिए। इस तथ्य के बावजूद कि संयुक्त पटाखों पर एक विशिष्ट प्रतिबंध है, यदि आप किसी राज्य या शहर या किसी उत्सव में जाते हैं, तो संयुक्त पटाखे बाजार में खुले तौर पर उपलब्ध हैं।

जैसे ही सुनवाई शुरू हुई, याचिकाकर्ता अर्जुन गोपाल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि उन्होंने सीबीआई रिपोर्ट के आधार पर एक अतिरिक्त हलफनामा दायर किया है और जो पता चला है वह वास्तव में बहुत परेशान करने वाला है। पटाखों के निर्माता संघ की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत दवे ने दलील दी कि उद्योग को सरकार द्वारा जारी प्रोटोकॉल के अनुसार काम करना चाहिए। दवे ने कहा, यह एक संगठित उद्योग है।

### प्रतिबंध है तो बाजारों में कैसे मिल रहा

पीठ ने कहा, हमारे आदेश का पालन किया जाना चाहिए। सवाल एक सामग्री के बजाय दूसरी सामग्री के इस्तेमाल का नहीं है। इसे बाजार में खुलेआम बेचा जा रहा है और लोग इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। हम जानना चाहते हैं कि अगर प्रतिबंध है तो वे बाजारों में कैसे उपलब्ध हैं?

# राहुल और प्रियंका का काफिला लखीमपुर पहुंचा

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में तो दंगल से पहले ही हिंसा हो गई, लेकिन सरकार और विपक्ष के बीच घटना के बाद से ही कुश्ती जारी है। यूपी के विधानसभा चुनाव से ऐन पहले हुई इस सनसनीखेज घटना के बाद विपक्षी दलों में पहले पीड़ित और घटनास्थल तक पहुंचने की होड़-दौड़ रविवार से ही शुरू हो गई और बुधवार को भी जारी रही। राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा का काफिला देर शाम सीतापुर से लखीमपुर के पहुंचा। पहले दिन रात में ही कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा दिल्ली से लखनऊ पहुंचकर लखीमपुर के लिए रवाना हो गईं, लेकिन सीतापुर में रोक कर हिरासत में ले ली गईं। लखीमपुर खीरी जाने के ऐलान के बाद बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र को हाउस अरेस्ट कर लिया गया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लखनऊ एयरपोर्ट से लौटा दिया गया। समाजवादी पार्टी मुखिया अखिलेश यादव और प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल यादव लखनऊ में सड़क पर प्रदर्शन के लिए उतरे, तो हिरासत में लेकर बाद में छोड़ दिए गए। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह भी सीतापुर में हिरासत में ले लिए गए। अब कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी लखीमपुर जाने के लिए लखनऊ पहुंचे हैं। पहले इन्कार के बाद अब यूपी सरकार ने सभी दलों के नेताओं को लखीमपुर खीरी जाने की अनुमति दे दी है।

### राजनीति



■उत्तराखंड में बाढ़-भूस्खलन की बढ़ सकती है घटनाएं


*Are you Planning to make a Website or already have ?*

*If yes, then we are here to serve you*

What we do

Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**

Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. | Mob: 9319700701, 7579011930

E-Mail: contact@gadoli.in


# कश्मीरी पंडितों का जज्बा कम नहीं होगा

## दवा कारोबारी मक्खनलाल बिंदरू की बेटी का आतंकियों को जवाब

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। श्रीनगर में आतंकियों द्वारा मारे गए दवा व्यापारी माखनलाल बिंदरू की बेटी ने कहा है कि उनके पिता को मार देने भर से कश्मीरी पंडितों का जज्बा कम नहीं होने वाला है। उन्होंने ये भी कहा है कि आतंकी केवल मारना ही जानते हैं इससे अधिक वो कुछ कर भी नहीं सकते। लेकिन इससे कुछ नहीं होगा।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि उनके पिता ने अपना कारोबार एक साइकिल के जरिए शुरू किया था। वो कभी नहीं मर सकते हैं। आतंकियों ने केवल उनके एक शरीर को नष्ट किया है। उन्होंने ये भी कहा कि एक हिंदू होने के बावजूद वो कुरान भी पढ़ती हैं, जिसमें लिखा है कि मरने से शरीर का केवल चोला ही बदलता है, लेकिन इंसान का जज्बा कभी नहीं मरता है। उनके पिता आज भी अपने जज्बे के साथ जिंदा हैं। उस वक्त इन लोगों को समझ में आएगा कि केवल पत्थर ही मार सकते हैं और पीछे से गोली ही चला सकते हैं। माखनलाल की बेटी ने खुली चुनौती दी कि उन्होंने जिसे पैदा किया है, वो वो हैं।